भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 540

20 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र की रुग्ण इस्पात इकाइयां

540. श्री विष्णु दयाल राम:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सार्वजनिक क्षेत्र की रुग्ण इस्पात इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने उनके पुनरुद्धार/पुनर्गठन के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसके कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय के नियंत्रणाधीन दो इस्पात विनिर्माता केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) हैं, नामतः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। दोनों सीपीएसई रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी में नहीं आते हैं।

****